Regarding construction of railway line in Guna ParliamentaryConstituency

श्री कृष्णपालसिंह यादव **(गुना) :** सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र गुना के निवासियों द्वारा रेल सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों को रेल लाइन से जोड़कर रेल सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु पिछले 25 वर्षों से निरंतर मांग की जा रही है । यह रेलवे लाइन चंदेरी जैसी प्रसिद्ध नगरी के प्राचीन किले, एशिया के सबसे पड़े हैंडलूम पार्क, यहां की चंदेरी साड़ियां इत्यादि विश्व प्रसिद्ध हैं । यहां ईसागढ़ के आनंदपुर जैसे दार्शनिक स्थल हैं, जिन्हें जोड़ने का काम किया जाए ।

रेल सुविधा नहीं होने से शासकीय व अशासकीय कर्मचारी व नागरिकों को दैनिक आवागमन में समस्याएं आ रही हैं । वर्तमान में इन क्षेत्रों को तहसील स्तर का दर्जा प्राप्त है, जिस कारण से यहां के व्यापारी अन्य क्षेत्रों से माल मंगाने हेतु रेल सुविधा की अत्यंत आवश्यकता है । अशोकनगर, पिपरई से ईशागढ़ होते हुए चंदेरी से ललितपुर तक रेल लाइन का सर्वे का कार्य भी पूरा हो चुका है, लेकिन इसके निर्माण के लिए कोई बजट आवंटित नहीं हुआ है । इस लाइन की उपयोगिता को देखते हुए क्षेत्रीय जनता की निरंतर मांग के अनुसार रेलवे लाइन बिछाई जाने की परम आवश्यकता है । यह मार्ग पर्यटन और रेलवे के लिए राजस्व की वृद्धि के अनुकूल है । इस लाइन के निर्माण से मेरे क्षेत्र का समग्र विकास होगा ।

मेरा सरकार से निवेदन है कि उक्त क्षेत्रों को रेलवे लाइन से जोड़ने हेतु बजट का आवंटन किया जाए, जिसके लिए आवश्यक बजट को रेलवे लाइन बिछाने हेतु स्वीकृति प्रदान की जाए, ताकि रेल सुविधाओं से नागरिकों को आवागमन की सुविधा मिल सके और 25 वर्षों से भी अधिक से चली आ रही मांग को पूरा किया जा सके ।